सूरौठ में निकली ईसर-गणगौर की सवारी, लोगों ने मेले का जमकर उठाया लुत्फ

सूरौठ ईसर-गणगौर की सवारी शाही अंदाज में निकाली गई।

सूरौठ । सूरौठ महल व फतेहगढ़ से निकली ईसर-गणगौर की सवारी में कस्बा परम्पराओं के रंग में नजर आया ,ईसर-गणगौर की सवारी की झलक पाने के लिए बाजार में दुकान मकानों की छत भीड से अट गई,जयपुर रियासत के ठिकाने रहे कस्बे में शाम करीब पांच बजे सूरौठ महल में शक्तिसिंह सुल्तानौत की मौजूदगी में पालकी में विराजी राजसी श्रृंगार में सजी ईसर-गणगौर की प्रतिमा को हुई और मशालों की अगुवाई में बाहर लाया गया वैण्डबाजे के साथ गणगौर की सवारी महल से निकल, एसबीआई बैंक शाखा के सामने से होते हुए सवारी फतेहगढ़ पुराने गढ़ के मुख्यद्वार पर पहुंची जहां से पूर्व सरपंच नत्थूसिंह राजावत सरपंच प्रतिनिधि रामवतार शर्मा,गोपाल, दिलीप सिंह राजावत सहित अनेक लोगों की अगुवाई में फतेहगढ़ से निकलीईसर-गणगौर एक और सवारी भी शामिल हो गई। इस दौरान इस दौरान,भोलेशंकर शर्मा, रमाकांत शर्मा,अंशुमान सिंह राजपूत, पूर्व सरपंच विशन महावर, प्रमोद तिवारी, उपसरपंच श्यामसुंदर सैनी,वीरेंद्र सिंह राजावत, सम्पत कटकरिया, विश्राम मीना, विशाल राजपूत, टीटी शर्मा,पंकज सिंह राजपूत, रमन शर्मा, भारत राजावत ,अजय गौड ,अनिल राजपूत, मंगेश गुप्ता,ठंठीलाल सैनी,विवेक शर्मा, पिंटू शर्मा,रवि राजपूत, भोला राजपूत,मोहित राजपूत

मौजूद रहे करीब दो दर्जन सजीव झांकियों के साथ गणगौर की राजसी सूरौठ महल व फतेहगढ़ पहुंची शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक सजीव झांकी निकाली गई सवारी मुख्य बाजार, गांधी स्मारक चौराहा, आयुर्वेद औषधालय, पुलिस चौकी, सब्जी मंडी, उदासी का बाग होते हुए सूरौठ महल व फतेहगढ़ पहुंची शोभायात्रा में लगभग दो दर्जन सजीव झांकी निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान थाना डिप्टी गिरधर सिंह थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा के नेतृत्व में, एएसआई रामनिवास , एएसआई विभिषण, हैड कांस्टेबल विष्णु गुर्जर,भूरसिंह जाटव, कांस्टेबल कन्हैया शर्मा, देशराज गुर्जर,पुष्प गुर्जर,पुष्पेन्द्र,संतोष चौधरी , अजय, गजराज सिंह मीना, यदुवीर सहित पुलिस जाप्ता तैनात रहा ईसर-गणगौर को पानी पिलाया,परम्परा के अनुसार रास्ता में पीएनबी बैंक के पास शिव मंदिर पर गणगौर की सवारी को विश्राम कराया गया। जहां महादेव मंदिर पर ईसर-गणगौर को पानी पिलाने की रस्म पूरी की गई झूलों पर महिलाओं व बच्चों ने झूल कर मनोरंजन किया। वहीं मेला स्थल पर बालिका विद्यालय मार्ग पर सजी दुकानों पर महिलाओं ने घरेलू सामान व सौदर्य प्रसाधन की सामठाी खरीदी। बच्चों ने खिलौनों की खरीदारी ठााम पंचायत व पुलिस प्रशासन सूरौठ द्वारा गतिविधियों पर नजर बनाये हुयें हैं शोभायात्रा में विष्णु भगवान,शिव पार्वती, लव कुश भगवान, मीन भगवान भगतसिंह, जय जोहार, राधा कृष्ण भोले बाबा शिव भक्त गण, गणेश भगवान सहित कई झांकियां निकाली गई आकर्षक झांकियों को और गणगौर माता की सवारी को देखने के लिए लोग का हूजूम उमड पड़ा यहां गांधी स्मारक मैदान में रहटको एवं मनोरंजन के साधनों की व्यवस्था की गई। लोगों ने रहटकों में झूलकर दिन भर खूब लुफ्त उठाया। तालाब को जाने वाले मार्ग में अस्थाई दुकान में लगाई गई, जिन पर दिनभर भीड रही। मेले में काफी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

संक्षिप्त

महासंघ का प्रदर्शन व ज्ञापन 3 अप्रैल को

भरतपुर । अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की प्रदेश महासमिति के आव्हान पर पर राज्य में नियुक्त लगभग 6 लाख नियमित और 3 लाख अनियमित कर्मचारियों की विगत 8-10 साल से लम्बित वेतन विसंगतियों के सहित 17 सूत्रीय मांगों को लेकर महासंघ द्वारा अनेकों बार विचार करने हेतु वार्ता आयोजित की गई। लेकिन सरकार के डेढ़ साल पूर्ण हो जाने के बाद भी आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिला।अब तक खेमराज कमेटी की रिपोर्ट में कुछ मिलने की उम्मीद थी लेकिन उसके खुलासे पर कर्मचारी वर्ग ने अपने आप को ठगा सा और अंधेरे में रखना मिला। जिसकी वजह से कर्मचारी वर्ग में भारी नाराजगी और रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में महासंघ प्रमुख महेंद्र चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राना और प्रदेश महासमिति के आव्हान पर 03 अप्रैल को 3.00 बजे 17 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर भरतपुर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष लोकेंद्र कुमार ने बताया कि महासंघ से जुडे सभी घटक संघ जिसमें लगभग 41 विभागों में नियमित, पेंशनर, संविदा कर्मी, प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा नियुक्त कर्मचारी शामिल हैं, से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया गया है।

भाजपा ने की 10 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

करौली । भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता मुकेश सालौत्री ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौडएवं संगठन पर्व के अधिकारी के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने करौली जिले के शेष 10 मंडलों के अध्यक्षों कि घोषणा कि है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने बताया कि हिंडौन शहर मंडल अध्यक्ष के पद पर योगेंद्र चतुर्वेदी उर्फ ववली,. सूरौठ संदीप सोलंकी, महूं सतबीर तिघरीय,.सपोटरा ठाामीण रामधन मीणा,.कुडगांव पवन कुमार मीणा, हाडौती राजकुमार सिंह राजपूत, कैलादेवी राजेश पाल,. टोडाभीम ठाामीण धारा सिंह मीणा,.बालघाट बहादुर सिंह गुर्जर, गुढाचंद्रजी बलराम सिंह राजपूत को नियुक्त किया है भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने सभी मंडलो के अध्यक्षों को जिला संगठन के दिशा निर्देशों कि पालना करने को कहा है। साथ ही करौली जिले के 23 मंडलों के अध्यक्षों को अपनी अपनी कार्यकारिणी बनाकर जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन के लिए निर्दे’ा दिये है।

बैठक का आयोजन 7 को

करौली (निं.सं.) जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम त्रैमासिक बैठक सांसद भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में 7 अप्रैल को प्रात: 11:00 बजे से जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये है।

अंतिम तिथि 11 अप्रैल

करौली- (निं.सं.) केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने आमजन को सूचित करते हुए बताया कि शैक्षिणक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 2 से 9 तक में शेष रिक्तियों हेतु ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र विद्यालय की बेवसाईट से डाउनलोड किये जा सकते है। प्राचार्य ने बताया कि आवेदन समस्त संलग्न के साथ 2 से 11 अप्रैल तक विद्यालय में जमा करवाये जा सकते है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए 07464-297022, 9414073043, 7976518174 पर या विद्यालय में आकर संपर्क कर सकते है।

सहायता राशि स्वीकृत

करौली (निं.सं.) जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि विनय जैन पुत्र स्व: रिखव जैन निवासी दीवान हाउस बडा बाजार करौली कि गत 26 दिसम्बर 2024 को सडक दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर करौली के तहसीलदार कि रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख रूपये कि आर्थिक सहायता मृतक की पत्नी संगीता जैन को भुगतान की स्वीकृति प्रदान कि जाती है।

कर्मचारी संघ के चुनाव संपन्न

करौला (निं.सं.) राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ जिला शाखा करौली के चुनाव कृष्णा पैलेस मैरिज गार्डन में आयोजित किए गए जिसमें जिले के समस्त पशु चिकित्सा कर्मियों ने भाग लिया।

संघ के प्रदेश सलाहकार राजेश शर्मा व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सैकडो कि संख्या में पशुधन निरीक्षक, पशुधन प्रसार अधिकारी,वरिष्ठ पशुधन प्रसार अधिकारी एवं मुख्य पशुधन प्रसार अधिकारी शामिल हुए। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी रहे। चुनाव पर्यवेक्षक हरिओम हाडा,प्रदेश मुख्य सलाहकार राजेश शर्मा एवं संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित शर्मा कि देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। जिला अध्यक्ष पद पर पशुधन निरीक्षक नलसिंह मीणा व जिला मंत्री पद पर पशुधन निरीक्षक भूरसिंह गुर्जर निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी का करौली आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी धर्मपाल सिंह एवं सुरेश नापित द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

उद्यिमयों को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की नीतियों से आसान भाषा में कराया अवगत

करौली (निं.सं.) राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य में राज्य सरकार प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव आयोजित कर रही है। इसी कडी में राज्य स्तर पर जयपुर में निवेश उत्सव का आयोजित किया गया। वहीं जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में आयोजित किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में होटल क्लार्क जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत लगभग 3 लाख करोड रूपये के निवेश प्रस्तावों पर कार्यों का शुभारम्भ कर सौगात प्रदान की। साथ ही उद्यिमता को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक डेटा सेन्टर एवं टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का भी विमोचन किया राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग हेतु मोबाइल ऐप का शुभारंभ निवेशकों को भू.आवंटन पत्र वितरण राइजिंग राजस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन एवं राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर्स की शुरूआत के दिशा.निर्देश भी जारी किए गए।

जिला स्तरीय निवेश उत्सव मे उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा जारी नीतियों को आसान शब्दों में उपस्थित निवेशकों उद्यिमयों व आगंतुकों को अवगत करवाया गया एवं जिला कलक्टर ने बताया कि राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत जिले मे राज निवेश पोर्टल के माध्यम से लगभग 5 हजार करोड रूपये के एमओयूज जिला स्तर और राज्य स्तर पर किये गये तथा 75000 करोड के एमओयूज ऐसे हैं जो मल्टीप्ल जिलों में निवेश किए जाने प्रस्तावित हैं जिनमें करौली जिला भी शामिल है।

कार्यक्रम में उद्योग विभाग के महाप्रबंधक गणेश शर्मा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना, उद्यान विभाग के उपनिदेशक चेतराम मीना, सहायक निदेशक अशोक कुमार मीना सहित निवेशक गजेन्द्र मीना, रामखिलाडी,जगनलालमीना अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में लाभार्थी,उद्योगपति,निवेशक आदि उपस्थित रहे।

जनसुनवाई कल : करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 3 अप्रैल गुरूवार को पंचायत समिति श्रीमहावीरजी के ठााम पंचायत मुख्यालय के भारत निर्माण केन्द्र पर किया जाएगा। तथा ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 9 अप्रैल बुधवार (द्वितीय गुरूवार को राजपत्रित अवकाश होने के कारण) पंचायत समिति मुख्यालय नादौती के भारत निर्माण केन्द्र पर किया जाएगा उन्होंने इस संबंध अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये है।

महंत जी का सम्मान

भरतपुर । आज भगवान श्रीराम जी शोभायात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही श्रीराम कथा के कथावाचक महंत श्री श्री 1008 बालक दास महाराज द्वारा श्रीरामजी के विभिन्न चारित्रिक प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा भगवान राम मर्यादापुरुषोत्तम ऐसे ही नहीं कहलाए बल्कि उन्होंने उच्च मर्यादायें स्वयं ने स्थापित की। महाराज जी ने शंकर पार्वती विवाह के प्रसंग एवं मां की महिमा का बहुत ही रोचक ढंग से वर्णित किया। प्रसंग को सुनकर भक्तगण भावविभोर होकर नाचते हुए भगवान का जय जयकार करने लगे जिससे वातावरण जैकारों से गुंजायमान कर दिया।

महंत बालक दास जी का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने श्री ब्राह्मण सभा पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में पटका माला व बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

इस अवसर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा समता आन्दोलन जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर ,डी ओ आई टी के अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा,देवेन्द्रमोहन तिवारी ,वरिष्ठ समाज सेवक राजेन्द्र जति, राजेंद्र पंच, आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने जनुथर कुस्ती दंगल मेले में की शिरकत

- **बेहद कम समय में 10 करोड़ से अधिक की राशि जनुथर के विकास के लिए स्वीकृत की जा चुकी हैं।**

डीग । गृह, गौपालन , पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने डीग जिले के जनुथर में आयोजित कुस्ती दंगल मेले में शिरकत की। गृह राज्य मंत्री मंगलवार को डीग जिले के एक दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरान वे नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए जनुथर पहुंचे जहां उन्होंने मुख्य अतिथि के तौर पर सहभागिता की। मंत्री बेढ़म ने दूर दराज क्षेत्रों से आए हुए पहलवानों द्वारा प्रदर्शित कुश्ती के विभिन्न दांव-पेंच देखें और आमजन की परिवेदनाओं को सुना।

उन्होंने कहा कि बेहद कम समय में 10 करोड़ से अधिक की राशि जनुथर के विकास के लिए स्वीकृत की जा चुकी हैं। इनमे जनुथर के अस्पताल के लिए 5.5 करोड़ की राशि एवं 3.9 करोड़ रुपए की लागत से पुलिस थाना का निर्माण कार्य शामिल है। विकास की कड़ी में समठा शिक्षा योजनांतर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जनुथर में स्वीकृत कक्षा-कक्षों का शिलान्यास करने के साथ ही भविष्य में क्षेत्रिय विकास के अनेकों द्वार खोले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जिले के युवा सकारात्मक ऊर्जा का सही से प्रयोग करते हुए अच्छे कामों में लगाए और नशे एवं इससे संबंधित बुराइयों से दूर रहे। श्री बेढ़म ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडी जाएगी। इससे पूर्व कुश्ती दंगल कार्यक्रम में जनुथर में भव्य स्वागत करने के लिए सभी जनुथर वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जनसेवा और लोककल्याण के लिए समर्पित है। वही कुश्ती दंगल में विभिन्न क्षेत्रों के पहलवान ने शिरकत की जिसे देखने आसपास के गांव से लोगों का भारी जमावड़ा लगा रहा।

बूढ़ी गणगौर की निकली सवारी

गंगापुर सिटी । नगर परिषद की ओर से मंगलवार शाम को बूढ़ी गणगौर माता की भव्य सवारी निकाली गई। बद्रीनाथजी मंदिर में माता की पूजा के बाद शाम 5.3० बजे उन्हें सजी-धजी पालकी में विराजमान किया गया। सवारी बद्रीनाथजी मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। यात्रा का मार्ग खारी बाजार, चौपड, कैलाश टॉकिज, भौमियाजी का बाग, गोपाल गोशाला, मस्जिद, फव्वारा चौक, पुरानी अनाज मंडी, व्यापार मंडल और देवी स्टोर से होते हुए वापस बद्रीनाथजी मंदिर तक रहा। शहर के मुख्य बाजार में कई स्थानों पर माता का भव्य स्वागत किया गया। बडी संख्या में श्रद्धालु माता की झांकी के दर्शन के लिए मुख्य बाजार में एकत्र हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। कार्यक्रम में सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, एसडीएम बृजेन्द्र मीणा और तहसीलदार बृजेश सिहरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए।

उपखण्ड अधिकारी को दिया ज्ञापन

- **झारेडा से दूरी 2 किलोमीटर है और हिंडौन सिटी पंचायत समिति से दूरी 3 किलोमीटर है।**

हिंडौन सिटी । गांव झारेडा की ढाणियों के लोगों ने उपखण्ड अधिकारी हिण्डोन सिटी हेमराज गुर्जर को गांव पंचायत झारेडा में जोड़ने के लिए गांव के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन दिया। झारेडा निवासी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि खारी का पुरा,महरों का पुरा,नथोली का पुरा,जोगीयो की ढाणी,काडू का पुरा,रामसिंह का पुरा,हुकमी का पुरा(मंडावरा ग्राम पंचायत)के निवासी मुलत:ठााम झारेडा के निवासी हैं। 2019 में पंचायत समितियों,ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के समय इन पुराओं(ढाणियों)को इरनिया ग्राम पंचायत के वार्ड 1और 2में जोड दिया गया था।इन ढाणियों कि पंचायत मुख्यालय इरनिया से 7 किलोमीटर दुरी है।और इनकी पंचायत समिति श्री महावीर जी बनाई गई जो कि उनके पुराओं (ढाणियों)से 12 किलोमीटर की दूरी पर है।इन ढाणियों में मूलत: ठााम झारेडा के निवासी हैं।गांव झारेडा से इनकी दूरी 2 किलोमीटर है।और हिंडौन सिटी पंचायत समिति से दूरी 3 किलोमीटर है।इन लोगों ने को पंचायत मुख्यालय और पंचायत समिति मुख्यालय में कार्यो के लिये दूर जाना पडता है।आवागमन के साधनों का अभाव है।जिससे समय अधिक लगता है।ग्राम खेडी घाटम में इन ढाणियों के वार्ड 1और 2को ठााम पंचायत झारेडा में शामिल किया जाय।

अत:यहां कि ढाणियों के निवासी राजेश कुमार मीना,नरेश वमणावत समाज सेवी,धर्ना राम मीना, गोपाल महर, श्री किशन, उदय राज, गोरधन, भरोसी, हरगुण,लिखमी,कल्ला, शिवसिंह,जय सीराय मीणा सुरेश चंद,चरण, शिवलाल, बाबू लाल आदि ने इन ढाणियों को ग्राम पंचायत झारेडा मे जोडने के लिये उपखण्ड अधिकारी हिण्डोन सिटी हेमराज गुर्जर को ज्ञापन सौंपा।

विसंगतियों पर प्रहार करती है 'कौतुक ताना'

व्यंग्यचित्रकार धर्मेंद्र कुमार धकु के व्यंग्यचित्र संग्रह ''कौतुक ताना'' का समारोहपूर्वक विमोचन किया गया।

हिंडौन सिटी । क्षेत्र की साहित्यिक संस्था नीराजन के तत्वावधान में सृजनधर्मी व्यंग्यचित्रकार धर्मेंद्र कुमार धकु के व्यंग्यचित्र संग्रह ''कौतुक ताना'' का समारोहपूर्वक विमोचन आदर्श विद्या मंदिर स्थित जयदेव पाठक सभागार में प्रसिद्ध रचनाकारों, साहित्यकारों, साहित्यानुरागियों , कलाकारों एवं कलाप्रेमी गुणीजनों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

नीराजन के कृष्ण बिहारी पाठक ने बताया कि आयोजन की शुरुआत मंचस्थ अतिथियों द्वारा माँ शारदा,माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं नीराजन सदस्यों के द्वारा मंगलाचरण के साथ हुई।कवि सोमनाथ शर्मा ने शारदे वंदना की सुरुचिपूर्ण प्रस्तुति दी वहीं नीराजन की साहित्यिक यात्रा से शत्रुघ्न सोलंकी ने सदन को अवगत कराया।नीराजन के हेमंत सोनी एवं दयाल सिंह सोलंकी ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया , तत्पश्चात कौतुक ताना के रचनाकार धर्मेंद्र कुमार धकु ने अपनी सृजन यात्रा के अनुभव साझा किए।साहित्यकार कृष्ण बिहारी पाठक ने धर्मेंद्र कुमार धकु के व्यंग्यचित्र संठाह कौतुक ताना की विषयवस्तु पर केंद्रित पत्रवाचन प्रस्तुत किया।कौतुक ताना के विमोचन के अवसर पर रचनाकार धर्मेंद्र कुमार धकु का साहित्यिक संस्था नीराजन , मधुशाला प्रकाशन एवं मित्रगणों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया एवं बधाई दी।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने व्यंग्य चित्र विधा के प्रभाव और चुनौतियों पर चर्चा की तथा कौतुक ताना के प्रकाशन को एक महत्वपूर्ण घटना बताया।

चतुर्वेदी ने नीराजन के साहित्यिक प्रकल्पों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि संगीतविद बुद्धिप्रकाश ने समाज और राष्ट्र को दिशा देने में कलाओं की भूमिका रेखांकित की।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुप्रसिद्ध चित्रकथाकार एवं कवि ब्रजराज राजावत ने अपने वक्तव्य में व्यंग्यचित्र जैसी विरल विधा पर पुस्तक प्रकाशन होना महत्वपूर्ण बताया साथ ही धर्मेंद्र कुमार धकु के कौतुक ताना में निहित विसंगतियों पर प्रहार करने की शक्ति को परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में चिह्नित किया।

उन्होंने कहा कि कौतुक ताना स्वस्थ मनोरंजन के साथ ही सकारात्मक बदलाव की आशा जगाती है।तकनीकी विशेषज्ञ सोनू हरदैनिया एवं अजय शर्मा ने डिजिटल विमोचन एवं पीपीटी द्वारा नीराजन एवं धर्मेंद्र कुमार धकु की सृजन यात्रा प्रस्तुत की।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी एवं भामाशाह देवीसिंह बदनपुरा ने कौतुक ताना के प्रकाशन पर बधाई दी ।

सार-समाचार

भाजपा ने मंडल अध्यक्षों की नई सूची की जारी

हिंडौन सिटी । भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को मंडल अध्यक्षों की नई सूची जारी की है ! इस सूची में तिघरिया निवासी सतवीर सिंह को महू मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। सतवीर सिंह तिघरिया के मंडल अध्यक्ष बनने की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया ।स्वागत के दौरान सतवीर सिंह तिघरिया ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व , जिला अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा, ''मैं पार्टी के नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा। मेरा उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और महू में विकास को प्राथमिकता देना रहेगा ''उन्होंने आगे कहा , ''मैं संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करूंगा। युवा कार्यकर्ताओं को जोड़ने और पार्टी के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष रणनीति बनाई जाएगी।'' उन्होंने भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है संघ के करीबी माने जाने वाले सतवीर छात्र जीवन में एबीवीपी के नगर मंत्री हिंडौन, जिला संयोजक करौली, विभाग संयोजक और प्रदेश सह मंत्री जैसे अनेक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।गत विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने जन आक्रोश यात्रा , नहीं सहेगा राजस्थान और परिवर्तन यात्रा में संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियां का बखूबी निर्वहन किया है। सतवीर तिघरिया वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी में जिला मंत्री भी रह चुके हैं ।

नियंत्रण कक्ष की स्थापना

करौला (निं.सं.) जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता प्रकाश चन्द मीना ने बताया कि ठाीष्म 2025 को मध्येनजर नजर रखते हुए प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण हेतु जिला स्तर पर 1 अप्रेल से आगामी आदेशों तक नियंत्रण कक्ष की स्थापना कि गई है जिसके दूरभाष नम्बर 07464-250219 है। उन्होंने बताया कि कार्मिकों की ड्यूटी 24 घण्टे लगाई गई है जिसमें सहायक अभियन्ता, निशा जैतवाल को प्रभारी अधिकारी मोबाइल नम्बर 9887626032 , पम्प चालक प्रथम, गौरव शर्मा मोबाइल न. 7976374993 को प्रात 6:00 से दोपहर 2:00 बजे तक, स्टोरमुंशी, गोरधन गुप्ता 9461150714 को दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, अतीक अहमद 9352030609 को रात्रि 10:00 बजे से प्रात 6:00 बजे तक कनिष्ठ सहायक, शिवराज वैरवा मोबाइल न. 9785882070 को रेस्ट रिलीवर नियुक्त किया गया है। अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि अन्य खण्डों, उपखण्डों में कन्ट्रोल रूम खण्ड स्तर पर ही स्थापित किये गये है जिनके मोबाइल नम्बर खण्ड हिण्डौन सिटी 07469-230595, सहायक अभियन्ता जीतेश मीणा उपखण्ड टोडाभीम मोबाईल न0. 9716883001, सहायक अभियन्ता जगदीश मीणा उपखण्ड नादौती मोबाइल न. 9414985700 को नियुक्त किया गया है। ड्यूटी कार्मिकों को जलापूर्ति के संबंध में शिकायतों को रजिस्टर में इंद्राज कर समाधान करवाने के निर्देश दिये है।

गैंगरेप के मुख्य आरोपी को पकड़ा

करौली । करौली में नाबालिग से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सपोटरा स्थित गोठरा गॉव के जंगलों से पकडा गया वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। मामचारी थाना अधिकारी अबजीत कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन मे चलाये जा रहे धरपकड अभियान के तहत यह कार्यवाही कि गई। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों में त्वरित कार्यवाही के आदेश दिए थे। उन्होने बताया कि गत 24 मार्च को पीड़िता कि मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। एफआईआर में बताया गया कि आरोपी और उसके साथियों ने नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप किया। आरोपी मामचारी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है। अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।

मृत्यभोज पर लगाई पावंदी

गंगापुर सिटी । स्वर्णकार समाज समिति, गंगापुर सिटी की आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से समाज सुधार और विकास को लेकर 10० अहम निर्णय लिए गए। आमसभा में समिति ने तय किया कि समाज के होनहार छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा। सर्राफा और स्वर्णकार प्रतिष्ठान हर माह की पहली तारीख को पूरी तरह बंद रहेंगे। सावा और त्योहारों की स्थिति में समिति विशेष कैलेंडर जारी करेगी। समाज की किसी बेटी की शादी की सूचना देने पर समिति की ओर से कन्यादान के रूप में निर्धारित राशि दी जाएगी। समाज के किसी सदस्य की मृत्यु पर सूचना मिलने पर दाह संस्कार के अगले दिन सुबह 11 बजे तक सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। मृत्यु के बाद केवल तीये की बैठक ही आयोजित की जा सकेगी। नहान की रस्म केवल परिवार तक सीमित रहेगी। मृत्युभोज भी सिर्फ परिवार और रिश्तेदारों तक सीमित रहेगा। समाज का कोई अन्य व्यक्ति मृत्युभोज में भोजन नहीं करेगा। मृत्युभोज की विदाई केवल बहन-बेटियों को दी जाएगी। उनके साथ आए लोगों को विदाई नहीं दी जाएगी। समाज का कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थान से विदा का लेन-देन नहीं करेगा। मृत्यु की सूचना समिति अध्यक्ष को देने पर समाज की ओर से पगडी रस्म निभाई जाएगी। समिति ने हिण्डौन सिटी, करौली, सवाई माधोपुर, कोटा, बयाना और भरतपुर के समाजजनों से इन निर्णयों पर विचार कर पालन करने की अपील की है।

असामाजिक तत्वों का लगा रहता है जमावडा

गंगापुर सिटी । स्थानीय बजरिया में पुलिस गश्त के प्रभावी नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वो का जमावडा रहता है जिससे रेलवे यात्रियो सहित कैलादेवी को आने वाले भक्तो को खतरा है। जानकारी के अनुसार इस समय कैलादेवी का मेला परवान पर है। कैलादेवी के नजदीक गंगापुर सिटी स्टेशन पडने के कारण यूपी व एमपी से बडी संख्या में माता के भक्त आ रहे है। इस समय बजरिया में यात्रियो की अच्छी खासी चहल पहल है। कई यात्रियो ने बताया कि हम एमपी से माता के दर्शनो को आए है। कुछ बदमाशो ने रात्री में सोते समय हमारे पैसे व मोबाइल चुरा ले गए। शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाही नहीं होती है। वहीं पुलिस की प्रभावी गश्त नहीं होने से भी असामाजिक तत्वो के हौसले बुलंद है। ऐसा नहीं है ये असामाजिक तत्व यात्रियो से ही छेडछाड करते हो इनके द्वारा स्थानीय दुकानदारो को भी डरा धमका कर चौथ वसूली की जाती है। कई बार शिकायत के बाद भी पुलिस गश्त को प्रभावी नहीं करने से इनके हौसले बुलंद है। वही लोगो में चर्चा है कि शराव ठेकेदार भी बजरिया में अपने गौदाम से सम्पूर्ण रात्री में शराब की सप्लाई करता है जिससे में लोगो में शराब ठेकेदार के प्रति आक्रोश पनप रहा है।

निर्माण कार्यो का निरीक्षण

गंगापुर सिटी । रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे करीब 24.5 करोड रुपए के निर्माण कार्य का मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने निरीक्षण किया। डीआरएम अपनी सेलून से स्टेशन पहुंचे। गाडी से उतरकर सीधे प्लेटफॉर्म नंबर दो के ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। इसके बाद वह वापस सेलून में बैठ गए। शेष अधूरे निर्माण कार्यों का निरीक्षण नहीं किया। रेलवे अधिकारियों और ठेकेदारों ने निरीक्षण को लेकर तैयारियां कर रखी थीं। इसके बावजूद डीआरएम ने प्लेटफॉर्म की सफाई व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों को नहीं देखा। निरीक्षण के बाद वह सेलून से हिण्डौन के लिए रवाना हो गए। गंगापुर सिटी स्टेशन पर करीब 8० प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसमें स्टेशन परिसर का सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वार का निर्माण, प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढाना, स्टेशन के बाहरी हिस्से का लुक बदलना, यात्री प्रतीक्षालय का उन्नयन, शौचालयों का सुधार, फुट ओवर ब्रिज को चौडा करना और लिफ्ट लगाना शामिल है। निरीक्षण के दौरान स्टेशन प्रबंधक कल्याण लाल मीणा सहित कई रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

भव्य जागरण होगा

गंगापुर सिटी । मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति के तत्वाधान में 3 अप्रेल गुरूवार को थोक फल सब्जी मण्डी से करणपुर धाम के लिए बसयात्रा दोपहर 2 बजे रवाना होगी। समिति अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्र होने के कारण बसयात्रा कैलादेवी बाइपास से गुजरती हुई मां गुमानो बीजासणी के धाम करणपुर पहुंचेगी। शर्मा ने मातारानी के सभी भक्तो से अधिकाधिक संख्या में चल कर नवरात्र में मां के दर्शन करने का आ ाहन किया है। महामंत्री गोपाल सोनी ने बताया कि करणपुर धाम पहुंचने के बाद सभी भक्त माता रानी के दर्शन कर मां गुमानो यात्री निवास में आयोजित भण्डारा व जागरण में भाग लेगें।